## राष्ट्रीय राजमार्गों की शोचनीय स्थिति

542. **श्री नरेन्द्र मोहन:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इस समय किन-किन राष्ट्रीय राजमार्गों की दशा बहुत खराब है और उनकी दशा को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या दिशा-निर्देश दिये गये हैं, और क्या राज्य सरकारों द्वारा इन दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य से होकर गुजरने वाले राजमार्गों के रख-रखाव के लिए कितनी धनराशि खर्च की गयी है; और

(ग) क्या उत्तर प्रदेश और बिहार के राजमार्गों के रख-रखाव की लागत अनुदानों से पूरी की जाती है, और इस लागत में राज्य सरकारों का भी हिस्सा होता है और क्या इन अनुदानों पर निगरानी रखने के लिए कोई व्यवस्था की गयी है?

**जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन):** (क) राष्ट्रीय राजमार्गों को उपलब्ध संसाधनों के भीतर यातायात-योग्य स्थिति में रखा जा रहा है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के अनुरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों को आबंटित राशि इस प्रकार है:—

(लाख रु०)

| वर्ष | बिहार | उत्तर प्रदेश |
|---|---|---|
| | (लाख रु०) | |
| 1993-94 | 1276.45 | 1710.52 |
| 1994-95 | 1472.53 | 2065.48 |
| 1995-96 | 1763.95 | 2529.94 |

(ग) अनुरक्षण और मरम्मत के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार सहित सभी राज्यों को आबंटन अनुमोदित मानदंडों और निधियों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है जो आवश्यकता का लगभग 50% होता है। इन निधियों पर नियमित रूप से निगरानी रखी जाती है।

## आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए आबंटित की गयी धनराशि

543. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और विकास के लिए आबंटित की गयी धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई कितनी है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उसके निर्माण और रख-रखाव के लिए खर्च की गयी धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन):** (क) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)।

(ख) 2733 कि०मी०

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और उनके अनुरक्षण के लिए व्यय की गई राशि के वर्षवार ब्यौरे इस प्रकार हैं:—

| वर्ष | विकास | (लाख रु०) अनुरक्षण और मरम्मत |
|---|---|---|
| 1994-95 | 6264.00 | 2065.48 |
| 1995-96 | 7070.00 | 2529.94 |
| 1996-97 | 7510.00 | 2793.40 |